# उजाला फाउण्डेशन

बसरेहर, इटावा (उ0प्र0)

## विशिष्ट प्रगति आख्या वर्ष 2020–21

उजाला फाउण्डेशन की स्थापना महात्मा गाँधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 02–10–2016 को स्थानीय ग्राम बसरेहर में बौद्धिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा से जोडकर उन्हें पुर्नवासित करने के लिए एवं उत्कृष्ट समाज की समर्पित भावनाओं वाली महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के सर्वांगीण विकास एवं समाज के कल्याणकारी कार्यक्रमों का संचालन करने के उद्देश्य से की गई थी। इस संस्था का नाम पहले सरदार सिंह शिक्षा प्रसार समिति रखा गया था। जिसको परिवर्तन करके उजाला फाउण्डेशन रखा गया है। यह संस्था सोसाइटी अधिनियम 21, 1860 एवं दिव्यांग अधिनियम 2016 के अन्तर्गत पंजीकृत अलाभकारी गैर सरकारी संगठन है। वर्ष के दौरान संस्था द्वारा किये गये कार्यक्रमों का विवरण निम्न है:–

| क्र0 सं0 | दिनांक | गतिविधि / क्रियाकलाप | लाभार्थियों का विवरण MR, CP, AUTISM, MD की संख्या | फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01–07–2020 से 31–03–2021 | विशेष विद्यालय में 25 बौद्धिक, 4 प्रमस्तकीय पक्षाघात व 2 स्वलीन, 6 बहुदिव्यांगों को कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिया गया तथा आवश्यक सामग्री वितरित की गई। | 17 बौद्धिक, 3 सीपी, 4 बहुदिव्यांग |  |

प्रबन्धक / सचिव
उजाला फाउण्डेशन
ग्रा0 / पो0बसरेहर, इटावा (उ0प्र0)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 10–11–2020 से 15–12–2020 | सर्वे कार्य ग्राम गीजा, रामेत, खडकौली, छितौनी, चकवाबुजुर्ग में किया गया। | 40 बौद्धिक, 15 सीपी, 3 स्वलीन, 13 बहुदिव्यांग |  |
| 3 | 03–12–2020 | विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगोली, जैकेट वितरण किया गया। | 16 बौद्धिक, 2 सीपी, 3 बहुदिव्यांग |  |
| 4 | 23–01–2021 | बौद्धिक रूप से दिव्यांग एवं प्रमस्तकीय पक्षाघात बच्चों के अभिभावकों को तकनीकी तरीके से देखभाल करने की सलाह दी गई। | 8 बौद्धिक, 2 सीपी, 5 बहुदिव्यांग |  |
| 5 | 25–02–2021 | दिव्यांग जागरूकता कार्यक्रम भारत सरकार राष्ट्रीय न्यास की निरामया, घरौंदा, विकास, लीगल गार्जियशिप तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित दिव्यांग पेंशन, शादी अनुदान, दुकान निर्माण आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। | 15 बौद्धिक, 2 सीपी, 30 अन्य |  |

Varun

प्रबन्धक / सचिव
उजाला फाउण्डेशन
ग्रा०/पो०बसरेहर, इटावा (उ०प्र०)

# उजाला फाउण्डेशन

ग्राम व पोस्ट बसरेहर, जिला इटावा (उ०प्र०)

**प्रगति आख्या वर्ष 2020–21**

सरदार सिंह शिक्षा प्रसार समिति का नाम परिवर्तन कर उजाला फाउण्डेशन रखा गया। जिसकी स्थापना गाँधी व शास्त्री जयन्ती के शुभ अवसर पर दिनांक 02–10–2016 को स्थानीय ग्राम बसरेहर में निःशक्त व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोडकर उन्हें पुर्नवासित करने के लिए एवं उत्कृष्ट समाजसेवा की समर्पित भावनाओं वाली महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के सर्वांगीण विकास एवं समाज के कल्याणकारी कार्यक्रमों का संचालन करने के उद्देश्य से की गई थी। यह संस्थान सोसाइटी अधिनियम 21, 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत अलाभकारी और गैरसरकारी संगठन है। वर्ष के दौरान इस संस्था के कार्यक्रमों का विवरण निम्न हैः–

**1– विशेष विद्यालयः–**

संस्था द्वारा 25 एम0आर0, 4 सी0पी0, 6 बहुविकलांग, 2 स्वलीन दिव्यांगों के लिए विशेष शिक्षा प्राप्त शिक्षकों द्वारा कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिया गया तथा उक्त दिव्यांगों को समय–समय पर वाणी चिकित्सक एवं भौतिक चिकित्सक द्वारा वाणी वाचन तथा स्नायु ग्रसित बच्चों की भौतिक एवं व्यवसायिक चिकित्सा करायी जाती है।

**क– सर्वेक्षण आंकलनः–**

संस्था द्वारा जनपद इटावा के विकास खण्ड बसरेहर, सैंफई, ताखा में विशेष शिक्षक सतीश कुमार तथा स्पीच थैरिपिस्ट हरीशंकर ने M.R., C.P., Atuism, M.D. का सर्वे किया तथा उक्त दिव्यांगों को एवं उनके अभिभावकों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया एवं दिव्यांग पेंशन, उपकरण आदि के आवेदन भरवाकर मदद कर पेंशन यात्रा पास बनवाये गए।

**ख– अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रमः–**

संस्था द्वारा विकास खण्ड बसरेहर की ग्राम पंचायत अकबरपुर, अमृतपुर में M.R., C.P, Atuism, M.D. के अभिभावकों को घर–घर जाकर कोविड– 19 के नियमों का पालन करते हुए अपने इस प्रकार के दिव्यांगों के प्रति तकनीकी तरीके से देखभाल करने का प्रशिक्षण दिया गया तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले 06 दिव्यांगों को राशन व आवश्यक सामग्री उपलब्ध करायी गई।

**ग– दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रमः–**

संस्था ने 3 दिसम्बर, 2020 दिव्यांग दिवस के अवसर पर विशेष विद्यालय बसरेहर के द्वारा M.R., C.P, Atuism, M.D. पर दिव्यांग बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गए। जिस अवसर पर ग्राम प्रधान श्री राधाकृष्ण शाक्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

**2– दिव्यांग जागरूकता कार्यक्रमः–**

संस्था ने जनपद इटावा के विकास खण्ड बसरेहर के ग्राम चकवाबुजुर्ग में दिव्यांग बच्चों तथा वयस्कों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा जिन मानसिक दिव्यांग व्यक्तियों के प्रमाण पत्र नहीं थे। उनके लिए इटावा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से बनवाने के लिए प्रेरित किया गया।

**3– मुशायरा कार्यक्रमः–**

संस्था ने जनपद इटावा के विकास खण्ड बसरेहर के ग्राम दतावली में मुशायरा कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें जिले के सुप्रसिद्ध शायर रौनक इटावी, अरबाज इटावी तथा कवि अनिल दीक्षित की अध्यक्षता में

Varun
प्रबन्धक/सचिव
उजाला फाउण्डेशन
ग्रा०/पो०बसरेहर, इटावा (उ०प्र०)

Varun
प्रबन्धक/सचिव
उजाला फाउण्डेशन
ग्रा०/पो०बसरेहर, इटावा (उ०प्र०)

राष्ट्रीय एकता पर मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसमें 50 पुरूष व 30 महिलायें उपस्थित रहीं। उक्त कार्यक्रम में कोविड–19 के नियमों का पालन किया गया।

**4– योगा कार्यक्रमः–**

संस्था द्वारा विकास खण्ड बसरेहर में विश्व योगा दिवस पर योगा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें योगा शिक्षिका श्रीमती विनीता सिंह ने 10 मानसिक दिव्यांग बच्चों, 20 पुरूष तथा 15 महिलाओं को योगा का प्रशिक्षण दिया। योगा से होने वाले लाभों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कई पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**5– सांस्कृतिक कार्यक्रमः–**

संस्था ने गौरव पब्लिक स्कूल बसरेहर इटावा में स्कूली बच्चों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के 20 कर्मचारी तथा 50 छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था प्रबन्धक वरूण यादव तथा गौरव पब्लिक स्कूल बसरेहर के प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र यादव ने प्रथम व द्वितीय आने वालों को पुरूस्कृत किया। कोविड–19 के नियमों का बखूबी पालन किया गया।

**6– उर्दू भाषा जागरूकता कार्यक्रमः–**

संस्था ने जनपद इटावा के विकास खण्ड ताखा के ग्राम पंचायत ताखा में उर्दू भाषा को बढावा देने हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रतिनिधि श्री अशोक कुमार शाक्य ने की। इस अवसर पर 40 पुरूष व 30 महिलायें उपस्थित रहीं। संस्था के पदाधिकारी ने बताया कि उर्दू भाषा एक ऐसी भाषा है, जिसका हमें पुराने रिकार्डों में उल्लेख मिलता है। जिसको सीखना सभी धर्मों को अनिवार्य है। कोविड–19 के नियमों का बखूबी पालन किया गया।

**7– कोविड–19 जागरूकता कार्यक्रमः–**

संस्था ने जनपद इटावा के ग्राम आशानन्द पुर में कोविड–19 के बचाव हेतु जागरूकता के लिए दीवार लेखन करवाया तथा संस्था ने जिन घरों में लोग बीमारी से ग्रसित थे। उनके घर में सैनेटाइजेशन करवाया तथा मास्क व सैनेटाइजर का वितरण करवाया।

Varun
प्रबन्धक/सचिव
उजाला फाउण्डेशन
ग्रा०/पो०बसरेहर, इटावा (उ०प्र०)

Varun
प्रबन्धक/सचिव
उजाला फाउण्डेशन
ग्रा०/पो०बसरेहर, इटावा (उ०प्र०)